# इंदौर और उदयपुर वेटलैंड मान्यता प्राप्त शहरों में शामिल

स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया

## चर्चा में क्यों?

इंदौर और उदयपुर रामसर कन्वेंशन के तहत मान्यता प्राप्त आर्द्रभूमि **शहरों** के रूप में अंतर्राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने वाले पहले भारतीय शहर बन गए हैं।

- वर्तमान में **85 भारतीय आद्रभूमियाँ, रामसर कन्वेंशन** के तहत संरक्षित हैं जिसमें विश्व भर के **172 सदस्य देश** शामिल हैं।

## आर्द्रभूमि मान्यता प्राप्त शहर कौन से हैं?

- **परिचय:** यह उन शहरों के लिए एक **अंतर्राष्ट्रीय मान्यता** है जो अपने आर्द्रभूमि के **संरक्षण और स्थायी प्रबंधन** के लिए प्रतिबद्ध हैं।
  - इसके तहत **उन शहरी क्षेत्रों को मान्यता** दी जाती है जो आर्द्रभूमि की रक्षा करने के साथ यह सुनिश्चित करते हैं कि वे पर्यावरण एवं समुदायों को **आवश्यक सेवाएँ** प्रदान करते हैं।
- **मान्यता मानदंड:** यह उन शहरों को प्रदान किया जाता है जो **छह अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों को पूरा करते हैं, जो मुख्य रूप से आर्द्रभूमि** पारिस्थितिकी प्रणालियों और उनकी सेवाओं के संरक्षण पर केंद्रित हैं।
  - **मान्यता प्राप्त शहरों को शहरी विकास** तथा पारिस्थितिकी संरक्षण के बीच संतुलन बनाने के उनके प्रयासों के लिए मान्यता दी जाती है।

## 6 अंतर्राष्ट्रीय मानदंड:

- **वैश्विक मान्यता:** इसके तहत मान्यता प्राप्त शहरों की सबसे अधिक संख्या **चीन** (22 शहर) में है, जिसके बाद **फ्राँस (9 शहर)** का स्थान है जिससे शहरी नियोजन में **आर्द्रभूमि संरक्षण को** एकीकृत करने के शहर के प्रयासों पर प्रकाश पड़ता है।
- **वैश्विक रामसर स्थल: वर्तमान में** दुनिया भर में 2,400 से अधिक **रामसर स्थल हैं, जो 2.5 मिलियन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हैं।**

//




**नोट:** भारत से नामित एक अन्य शहर **भोपाल** को [भोज आर्द्रभूमि](#) को प्रभावित करने वाली प्रस्तावित सड़क परियोजना से संभावित पारिस्थितिकी क्षति से संबंधित चिंताओं के कारण **मान्यता प्राप्त नहीं हुई।**

- **राजस्थान** के उदयपुर को **झीलों का शहर** कहा जाता है क्योंकि यहाँ की **खूबसूरत झीलें** संपूर्ण शहर में विस्तृत हैं। उदयपुर की प्रमुख झीलों में पिछोला झील, फतेहसागर झील, स्वरूप सागर झील आदि शामिल हैं।
- **इंदौर** की प्रसिद्ध झीलों में **लोटस झील, चोरल डैम, पिपलियापाला झील, सिरपुर झील आदि** शामिल हैं।

## भोज आर्द्रभूमि से संबंधित मुख्य बिंदु क्या हैं?

- **परिचय:** यह वर्ष **2002** में नामित एक **रामसर साइट है** जिसमें दो परस्पर जुड़े मानव निर्मित जलाशय अर्थात् **ऊपरी झील (**11वीं शताब्दी में **कोलांस नदी** पर **राजा भोज** द्वारा निर्मित) और **निचली झील** शामिल हैं।
- ऊपरी झील **वन विहार राष्ट्रीय उद्यान** की सीमा पर स्थित है।
- **जैव विविधता:**
  - **पक्षिजात:** यहाँ पाई जाने वाली उल्लेखनीय प्रजातियों में कूट (फुलिका अत्रा), **लाल कलगीदार पोचार्ड, सारस क्रेन, काली गर्दन वाला सारस** और **पल्लास फिश ईगल** शामिल हैं।
  - **अन्य प्राणिजात: वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में चीतल**, **जंगली सूअर**, **नीलगाय** और **सांभर** जैसे बड़े स्तनधारियों पाए जाते हैं।

# रामसर अभिसमय
# (RAMSAR CONVENTION)

Drishti IAS

## परिचयः

- इसे आर्द्रभूमियों पर अभिसमय के रूप में भी जाना जाता है।
- यह एक अंतर-सरकारी संधि है जिसे वर्ष **1971** में रामसर, ईरान में अपनाया गया।
- वर्ष **1975** में इसे लागू किया गया।
- ऐसी आर्द्रभूमियों को रामसर स्थल घोषित किया जाता है जो अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर महत्त्व रखती हों।
- **विश्व का सबसे बड़ा रामसर स्थलः** पैंटानल, दक्षिण अमेरिका।

## मोंट्रेक्स रिकॉर्डः

- वर्ष **1990** में मोंट्रेक्स (स्विटजरलैंड) में इसे अपनाया गया।
- यह उन रामसर स्थलों की पहचान करता है जिनके संरक्षण हेतु राष्ट्रीय या अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्राथमिकता के साथ ध्यान देने की आवश्यकता है।

## आर्द्रभूमियाँः

- आर्द्रभूमि एक ऐसा स्थान है जहाँ भूमि मौसमी अथवा स्थायी रूप से जल (खारा या मीठा/ताजा अथवा इन दोनों के बीच की स्थिति) से ढकी होती है।
- यह नदियों, दलदल, मैंग्रोव, कीचड़ युक्त भूमि, तालाबों, जलमग्न स्थान, बिलबोंग (नदी की वह शाखा जो आगे चलकर समाप्त हो गई हो), लैगून, झीलों और बाढ़ के मैदानों सहित विभिन्न रूपों में हो सकती है।
- **विश्व आर्द्रभूमि दिवसः 2** फरवरी

## भारत और रामसर अभिसमयः

- भारत में रामसर अभिसमय वर्ष **1982** में लागू हुआ।
- **रामसर स्थलों की कुल संख्याः 75**
- चिल्का झील (ओडिशा), केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (राजस्थान), हरिके झील (पंजाब), लोकटक झील (मणिपुर), वुलर झील (जम्मू और कश्मीर) आदि।
- **भारत में संबंधित फ्रेमवर्क**
  - आर्द्रभूमियों के संरक्षण तथा प्रबंधन हेतु पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, **1986** के प्रावधानों के तहत 'आद्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) अधिनियम, **2017**' को अधिसूचित किया है।
  - ये नियम आर्द्रभूमियों के प्रबंधन को विकेंद्रीकृत करते हैं तथा राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण या केंद्रशासित प्रदेश आर्द्रभूमि प्राधिकरण के गठन का प्रावधान करते हैं।

## प्रमुख तथ्य

- **भारत में सबसे बड़ा रामसर स्थलः** सुंदरबन, पश्चिम बंगाल
- **भारत में सबसे छोटा रामसर स्थलः** वेम्बन्नूर आर्द्रभूमि कॉम्प्लेक्स, तमिलनाडु
- **सर्वाधिक रामसर स्थल वाला राज्यः** तमिलनाडु (14)
- **मोंट्रेक्स रिकॉर्ड में शामिल आर्द्रभूमियाँः**
  - केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान, राजस्थान
  - लोकटक झील, मणिपुर






## UPSC सविलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न

**<u>????????????:</u>**

**प्रश्न. यदि अंतरराष्ट्रीय महतत्व के एक आर्द्रभूमि को 'मोंट्रेक्स रकिॉर्ड' के अंतर्गत लाया जाता है, तो इसका क्या अरथ है? (2014)**

(A) मानवीय हस्तक्षेप के परिणामस्वरूप आर्द्रभूमि के पारिस्थितिकि स्वरूप में परविर्तन हुआ है, हो रहा है या होने की संभावना है।
(B) जिस देश में आर्द्रभूमि स्थिति है उसे आर्द्रभूमि के किनारे से पाँच किलोमीटर के भीतर किसी भी मानवीय गतिविधि को प्रतबिंधित करने के लिये एक कानून बनाना चाहिये।
(C) आर्द्रभूमि का अस्तित्व इसके आसपास रहने वाले कुछ समुदायों की सांस्कृतकि प्रथाओं एवं परंपराओं पर निर्भर करता है और इसलिये वहाँ की सांस्कृतिक विविधिता को नष्ट नहीं किया जाना चाहिये।
(D) इसे 'विश्व विरासत स्थल' का दर्जा दिया गया है।

**उत्तर: (a)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indore-and-udaipur-joined-wetland-accredited-cities